अंक 120

राविरा

राजस्व प्रवृत्तियों एवं गतिविधियों की त्रैमासिकी

राजस्व प्रकरण विशेषांक



राजस्व मंडल राजस्थान

अजमेर

मण्डल में गणतंत्र दिवस समारोह

71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्व मंडल में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सदस्य मोडू दान देथा, राजस्व मंडल की तत्कालीन निबंधक श्रीमती विनीता श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के अवसर पर राजस्व मंडल के वाहन चालक गोविंद सेन को उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पूर्व सदस्य प्रमिल माथुर के पिताश्री एल.पी. माथुर की स्मृति में 1100 रुपए का पुरस्कार प्रदान करतीं तत्कालीन निबंधक श्रीमती विनीता श्रीवास्तव।

संरक्षक
श्री मुकेश शर्मा
अध्यक्ष
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर
परामर्शदाता
श्री शिखर अग्रवाल, सदस्य
श्री मोडूदान देथा, सदस्य
श्रीमती विनीता श्रीवास्तव, सदस्य
श्री मनोज कुमार नाग, सदस्य
श्री सुनील कुमार शर्मा, सदस्य
श्री हरि शंकर गोयल, सदस्य
श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी, सदस्य
श्री रामनिवास जाट, सदस्य
श्री पंकज नरूका, सदस्य
श्री सतीश चन्द्र गोदारा, सदस्य
श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित, सदस्य
श्री रवि डांगी, सदस्य
श्री भंवरलाल मेहरड़ा, सदस्य
श्री जमील अहमद कुरैशी, सदस्य
श्री महेन्द्र कुमार पारख, सदस्य
डॉ. श्रवण कुमार बुनकर, सदस्य
वरिष्ठ संपादक
रेणु जयपाल
निबंधक
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर
सम्पादक
(प्रभारी अधिकारी, राविरा)
पवन कुमार शर्मा
जन सम्पर्क अधिकारी
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर
सहयोग
जानकी कुमार सोलीवाल
अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी
(सेवानिवृत्त)
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर
गफूर अली
वरिष्ठ सहायक
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर
मुद्रक
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर

राजस्व मण्डल राजस्थान
की त्रैमासिकी

अंक-120 रजि. क्रमांक 18119/70

अनुक्रमणिका

1. अध्यक्ष की कलम से
2. संपादकीय

लेख-सामग्री एवं विविध जानकारी

3. राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन से कृषकों की डगर हुई आसान 01
4. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत संचालित फसल कटाई प्रयोग प्रणाली 05
5. राजस्थान में कृषकों के अधिकार 07
6. राजस्व कानूनों में विरोधाभास के समाधान हेतु संशोधन के संबंध में विचार/सुझाव 11
7. राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा प्राप्त उपलब्धियां 15
8. न्याय की डगर हुई आसान 17

स्थायी स्तम्भ

9. राजस्व मण्डल के महत्वपूर्ण निर्णय 18
10. राजस्व अधिकारियों के वाद निस्तारण : मण्डल की त्रैमासिक समीक्षा 59
11. राजस्व नियम, अधिसूचना, परिपत्र एवं संशोधनादि 69
12. राजस्व समाचार 93

सूचना : राविरा में प्रकाशित लेख, रचनाएं लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं, उनसे राजस्व मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

अध्यक्ष की कलम से...

राजस्व मण्डल की ओर से लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को लेकर किए गए प्रभावी उपायों के परिणामस्वरूप मण्डल द्वारा विगत 3 वर्ष में रिकॉर्ड 25745 मुकदमों का निस्तारण किया जा सका। यह मण्डल के अधिकारियों की दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है। मैं अपेक्षा करता हूँ कि वादों के त्वरित निस्तारण की गति सतत रूप से आगे भी जारी रहेगी। साथ ही मैं राज्य में संचालित सभी विविध स्तरीय राजस्व अदालतों के प्रभारियों से भी अपेक्षा करता हूँ कि वे नियमित तौर पर राजस्व अदालतों का आयोजन करें, ताकि राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण की स्थिति बन सके।

मंडल की ओर से प्रभावी कदम उठाते हुए राज्य में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक विभिन्न वर्गों को पदोन्नति का लाभ दिया जाकर राजस्व कार्यों के सुदृढ़ीकरण को नई दिशा दी है। इससे कर्मचारियों की कार्यकुशलता व कार्य निष्पादन के रूप में बेहतर गति मिलेगी।

राज्य में डिजिटल इंडिया लेण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत कुल 314 तहसीलों में से 218 तहसीलों में मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के कार्यादेश राजस्व मण्डल स्तर से दिए गए, जिनमें से 50 का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही 314 तहसीलों में जमाबंदियों का कम्प्यूटराइजेशन किया जा चुका है। ई धरती

सॉफ्टवेयर के माध्यम से जमाबन्दी सेग्रीग्रेशन का कार्य कराया जा रहा है। राज्य के 47108 गांवों में से 331 तहसीलों के 46334 गांवों में सेग्रीग्रेशन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। वर्तमान में 178 तहसीलों को ऑनलाइन कर अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राज्य में काश्तकार एवं आमजन के हित में लिए जा रहे इन महत्वपूर्ण निर्णयों की सफल क्रियान्विति के लिए उच्च स्तर से जारी निर्देशों की पालना एवं तय कार्यक्रमानुसार निचले स्तर तक जवाबदेही सुनिश्चित करने की महती आवश्यकता है। मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप सभी राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए साझा एवं सार्थक प्रयास करेंगे।

मुकेश कुमार शर्मा
अध्यक्ष

सम्पादकीय

सुधि पाठकगण,

सरकार की सकारात्मक एवं कल्याणकारी सोच को मूर्त रूप देने की दिशा में राजस्व मण्डल ने विगत एक वर्ष में कई उपलब्धियां अर्जित की है।

आरसीएमएस को प्रभावी ढंग से लागू करना जहां राजस्व वादों के निस्तारण में क्रांतिकारी कदम सिद्ध हुआ है वहीं लैण्ड रिकॉर्ड माडर्नाइजेशन के क्षेत्र में भी राज्य अग्रणी पंक्ति में आ खड़ा हुआ है। मॉडर्न रिकॉर्ड रूम, नक्शों का डिजिटाइजेशन, ऑनलाइन जमाबन्दी, नामान्तरकरण, जमाबन्दी की ई साइन प्रति जारी करना, ई मित्र के माध्यम से पंजीयन जैसे कई नवाचार कृषक एवं आमजन के हित में किए जा रहे हैं। यह ऐतिहासिक कदम है। इससे किसानों के अपने काम बगैर समय गंवाए आसानी से पूरे हो सकेंगे।

विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्व मण्डल में दर्ज 24201 प्रकरणों के मुकाबले 25745 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 767 पटवारियों की भू अभिलेख निरीक्षक के पद पर पदोन्नति, 344 भू अभिलेख निरीक्षकों को नायब तहसीलदार, 79 नायब तहसीलदार व 4 कार्यालय अधीक्षक कुल 83 को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत किया गया। साथ ही वर्ष 2018–19 में 16 सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय को सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम पद पर तथा 11 तहसील राजस्व लेखाकारों को सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी। इसी प्रकार वर्ष 2019–20 में 05 सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय को सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम पद पर तथा 14 तहसील राजस्व लेखाकारों को सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नति दी गई।

आशा है कि विभाग के स्तर पर बेहतर कार्य सम्पादन के लिए उठाए गए कदम लोक कल्याण की दिशा में कारगर साबित होंगे। राविरा का 120वां अंक भिजवाते हुए आपको नवीन ऊर्जा के साथ लोक कल्याण की दिशा में अपने दायित्वों के बेहतरीन निर्वहन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

रेणु जयपाल
निबन्धक

राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन से कृषकों की डगर हुई आसान
ऑनलाइन नामान्तरकरण की ओर बढ़ता राजस्व विभाग

पवन कुमार शर्मा
जन सम्पर्क अधिकारी
राजस्व मंडल राज. अजमेर

कृषक के लिए आजीविका का सबसे बड़ा और एक मात्र स्रोत है उसकी भूमि। कृषि के साथ–साथ उसका बीमा, कृषक ऋण एवं अन्य विविध कृषक कल्याणकारी योजनाओं के लिए लैण्ड रिकॉर्ड व मानचित्रों की प्रतिलिपि एवं अन्य दस्तावेजों की आवश्यकता किसानों को हमेशा रहती है।

पहले कृषकों को अपनी इन छोटी– छोटी जरूरतों के लिए अपना काम छोड़कर पटवार मण्डल, तहसीलों के चक्कर लगाने पड़ते थे। राजस्व कार्मिकों की अन्य कार्यों की प्राथमिकता एवं व्यस्तताओं के वलते काश्तकारों को समय पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पाते थे। लेकिन लेण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत अब किसी भी समय तथा किसी भी स्थान पर रेकॉर्ड की उपलब्धता से यह राह उनके लिए आसान होने जा रही है। राज्य सरकार राजस्व विभाग के माध्यम से राजस्थान के सभी 33 जिलों में डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत राजस्व रिकॉर्ड्स के ऑनलाइन किये जाने के कार्यक्रम को द्रुत गति से पूरा करने के पुरजोर प्रयास कर रही है। डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य ''निर्णायक भूमि स्वत्व एवं स्वत्व गारंटी लागू करने के साथ राजस्थान में एक आधुनिक,व्यापक और पारदर्शी भू अभिलेख प्रबंधन व्यवस्था की स्थापना करना है।

इस बहुद्देश्यीय कार्यक्रम को सफलतम एवं व्यावहारिक तौर पर लागू करने के लिए राज्य के पंजीयन एवं मुद्रांक, भू प्रबन्ध विभाग एवं राजस्व विभाग पृथक–पृथक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम की गति का अन्दाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 178 ऑनलाइन तहसीलों में ई–मित्रों के माध्यम से डिजिटल साइन अथवा ई–साइन जमाबन्दी व नक्शों की प्रतिलिपियाँ जारी की जाने लगी है। इस महती योजना को नेशनल लैण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के रूप में वर्ष 2008 में भारत सरकार के स्तर पर आरम्भ किया गया था, जिसे अब डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड माडर्नाइजेशन प्रोग्राम के नाम से जाना जाता है। राजस्थान में भी इस योजना के तहत भू अभिलेख का आधुनिकीकरण कार्य किया जा रहा है।

आधुनिक रिकॉर्ड रूम

इस महती योजना के तहत राजस्थान में वर्ष 2015 में मॉडर्न रिकार्ड रूम का कार्य आरंभ किया गया था। राज्य की 314 तहसीलों में से 218 तहसीलों में मॉडर्न रिकॉर्ड रूम की स्थापना के कार्यादेश दिए जा चुके हैं। इनमें राज्य की 50 तहसीलों में मॉडर्न रिकॉर्ड रूम स्थापना का कार्य पूरा हो चुका है, 27 तहसीलों मे नवीन करार किए जाकर कार्यादेश देने का कार्य प्रगति पर है। मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से तहसीलों में पुराने भवनों के स्थान पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रिकॉर्ड रूम के साथ राजस्व रिकार्ड को स्केन कर सुरक्षित किया जा सकेगा। यहाँ हार्डवेयर की स्थापना तथा दूर–दराज से आने वाले काश्तकारों के बैठने की उचित व्यवस्था भी की जा रही है।

नक्शों का डिजिटाइजेशन

राजस्व नक्शों की सुरक्षा, मौके की स्थिति तथा राजस्व रिकार्ड में समानता लाने व नक्शे के साथ ही खातेदारों का विवरण अंकित करने व काश्तकारों को इन्टरनेट के माध्यम से रिकार्ड की जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर खसरा नक्शों के डिजिटाइजेशन का कार्य राज्य सरकार करवा रही है। इसमें सेटलमेंन्ट शीटों की स्केनिंग डिजिटाइजेशन, तरमीम तथा जमाबंदी से लिंक करने के कार्य भी शामिल हैं।

राज्य के 33 जिलों में इस प्रोग्राम के तहत 6 फर्मों के माध्यम से नक्शे डिजिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है अब तक राज्य के 48117 गांवों की 127815 शीट्स मे से 127682 शीट्स डिजिटाइज्ड हो चुकी हैं। इनमें से 121724 शीट्स तरमीम हेतु दी जा चुकी है तथा 63474 शीट्स को अंतिम तरमीम पूरी कर ई धरती सॉफ्टवेयर से लिंक कर दिया गया है। तहसीलों का डाटा पब्लिक डॉमिन पर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से काश्तकार के नाम, पिता के नाम, खसरा नम्बर, खाता नम्बर आदि से जमाबन्दी की जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध हो पा रही है।

ऑनलाइन जमाबन्दी

काश्तकारों को रिकॉर्ड आदिनांक उपलब्ध कराने को लेकर एनआईसी द्वारा "ई–धरती" नामक नया सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिसमें प्रत्येक खातेदार को पृथक रूप में चिन्हित करते हुए खातों का विस्तृत विश्लेषण, रजिस्ट्रेशन सॉफ्टवेयर से लिंकिंग व जमाबन्दी के अलावा अन्य राजस्व रिकॉर्ड को भी कम्प्यूटराइज्ड किया जाना संभव हो सकेगा। वर्तमान में राज्य की 178 तहसीलों को ऑनलाइन कर अधिसूचना जारी की जा चुकी है। राज्य की 314 तहसीलों में जमाबन्दियों का कम्प्यूटराइजेशन किया जा चुका है, राज्य के 47108 गांवों में से 314 तहसीलों के 46334 गांवों में सेग्रिग्रेशन कार्य प्रारम्भ हो चुके हैं।

स्वतः नामान्तरकरण

आमजन के पंजीकृत दस्तावेजों का नामान्तरकरण करना अब स्वतः संभव हो सकेगा। इस कार्य के लिए जयपुर की चौमू तहसील व गोविन्दगढ़ उप पंजीयक कार्यालय का पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयन किया गया, जिसमें एलआरसी व पंजीयन सॉफ्टवेयर को लिंक किया जा रहा है। इसकी सफलता के बाद सभी ऑनलाइन तहसीलों में स्वतः नामान्तरकरण की व्यवस्था लागू किए जाने की कार्यवाही भी प्रक्रियाधीन है।

इसी प्रकार विभाग द्वारा वर्तमान में काश्तकारों की सुविधा हेतु जमाबन्दी प्रतिलिपि, सीमा ज्ञान तथा नामान्तरकरण हेतु ई–मित्र के माध्यम से आवेदन का प्रावधान किया जा रहा है। अब ई–मित्र साफ्टवेयर को ई धरती सॉफ्टवेयर से लिंक किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इससे स्वतः नामान्तरण किया जाना संभव होगा।

जमाबन्दी की ई–साइन प्रति

अब कृषक व आमजन को जमाबन्दी की ई–साइन्ड प्रतिलिपि उपलब्ध हो सकेगी। राज्य के झुन्झुनूँ जिले में इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद सभी ऑनलाइन तहसीलों में ई– साइन्ड

प्रतिलिपि जारी करने का प्रावधान कर दिया गया है। राजस्व विभाग के 17 मई को जारी अधिसूचनानुसार ई मित्र के माध्यम से डिजिटल साइन / ई साइन जमाबन्दी व नक्शों की प्रतिलिपि जारी की जा रही है।

अपना खाता डॉट राजस्थान डॉट इन पर वेबसाइट पर सभी जिलों की सभी ऑफलाइन या ऑनलाइन तहसीलों की जमाबंदियॉ अपलोड कर दी गई है, जिससे आम जन की जानकारी के साथ–साथ प्रतिलिपि प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के लाभ–

1. सुस्पष्ट स्वामित्व तथा स्वामित्व की सरकारी गारन्टी का लक्ष्य पूर्ण होगा।
2. राजस्व प्रशासन का सुदृढ़ीकरण होगा।
3. नागरिकों को निम्न प्रत्यक्ष लाभ मिलेंगेः–

क. धरातलीय वास्तविकता पर आधारित रेकार्ड सुलभ हो सकेगा।

ख. समस्त भू–अभिलेख वैबसाइट पर सुलभ होगा।

ग. भू–अभिलेख सुलभ होने से नागरिकों एवं राज्य कार्मिकों के बीच अविश्वास एवं गलतफहमियों का निराकरण हो सकेगा।

घ. अधिकार अभिलेख की प्रतियों की प्राप्ति में अनावश्यक समय नष्ट नहीं होगा एवं आम नागरिक कभी भी एवं कहीं भी भू अभिलेख की आदिनांक प्रति आसानी से ले सकेगा।

ड. स्वचालित नामान्तरकरण प्रक्रिया के फलस्वरूप भू सम्पत्ति के हस्तान्तरण में धोखाधड़ी से बचाव होगा।

ट. कन्क्लूजिव टाइटल के फलस्वरूप अनावश्यक वाद–विवादों में कमी आयेगी।

ठ. ऋण सुविधाओं में ई–लिंकेज का उपयोग हो सकेगा।

ड. सही सूचना आधारित भूमि पास बुकें जारी हो सकेगी।

ढ. राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की पात्रता संबधी सूचनाएं सुलभ हो सकेगी।

च. भू अभिलेखों के रख–रखाव में पारदर्शिता रहेगी।

च. अचल सम्पत्ति के स्वत्व की गारन्टी प्राप्त होगी।

छ. एक से अधिक कार्यकारी एजेन्सियों का आपस में समन्वय रहेगा।

ज. पंजीयन कार्यालय भूमि अभिलेख एवं केडेस्ट्रल समंक एक जैसे रहेंगे।

झ. मानकों में एकरूपता रहेगी अर्थात भूमि की एक ही विशेषता को इंगित करने के लिए एक ही मानक का प्रयोग किया जायेगा।

ञ. भू–अभिलेख में किसी प्रकार की दुर्भावनापूर्ण काट–छांट की आशंका से बचा जा सकेगा।

त. भूमि की मौके की स्थिति और नक्शे की स्थिति हर समय एक जैसी मिलेगी।

थ. नवीन विधियों से किया गया सर्वेक्षण अतिशीघ्र होगा एवं इसमें त्रुटियां न्यूनतम होंगी।

दृ राज्य में वर्तमान में विभन्न नाप की जरीबों जो कि 110 फीट, 127.5 फीट, 132 फीट, 150

फीट, 152.5 फीट व 165 फीट है। इन सभी जरीबों की नाप की जगह सम्पूर्ण राजस्थान में एक ही नाप की 40 मीटर की मैट्रिक जरीब का उपयोग किया जायेगा, जिसमें सम्पूर्ण राजस्थान के समस्त ग्रामों के एक ही पैमाने पर नक्शे तैयार हो जायेंगे।

ध. कार्य पूर्ण हो जाने पर जमाबंदी, खसरा,नक्शा एवं नामान्तरण इन चारों अभिलेखों में समरूपता हो जायेगी जो वर्तमान में नहीं है। ये सभी एकरूपता के साथ ऑनलाइन उपलब्ध हो जायेंगे।

न. जमाबंदी, खसरा व नक्शा तीनों अभिलेखों में समरूपता होकर ऑनलाइन ई–साइन्ड उपलब्ध हो जाने से आम काश्तकारों को तीनों अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपियां अधिकृत केन्द्रों पर उपलब्ध हो जायेगी, जिससे काश्तकारों को पंजीयन कार्य, बैंकिंग संस्थानों व वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने, भूमि के समस्त प्रयोजनार्थ रूपान्तरण हेतु पटवारी अथवा तहसीलों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

निश्चय ही राज्य सरकार के ये कदम आम जन के लिए अनूठी सौगात लेकर आएंगे। अब वह समय दूर नहीं जब ई मित्र पर दस्तावेज ऑनलाइन कर देने से वहां पंजीयन की सुविधा भी सुलभ होने लगेगी। रिकॉर्ड्स के ऑनलाइन से जहां डाटा सुरक्षित रह सकेगा वहीं छोटे– छोटे कार्यों के लिये राजस्व कार्यालयों के चक्कर काटने व अकारण कार्य लम्बित रहने से भी काश्तकारों को निजात मिल सकेगी। निश्चय ही राज्य सरकार के ये कदम भ्रष्टाचारमुक्त, पारदर्शी एवं समयबद्ध लोक सेवाओं के मुहैया कराने के संकल्प को मूर्त रूप में परिभाषित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे तथा ऐतिहासिक काल से चली आ रही कार्यप्रणाली को आधुनिक नवाचारों से जोड़े जाने से लोक कल्याण का नया अध्याय लिखा जायेगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत संचालित फसल कटाई प्रयोग प्रणाली–एक परिचय

बीना वर्मा
संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी)
राजस्व मण्डल राजस्थान
अजमेर

किसानों के कल्याणार्थ समय समय पर सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ संचालित की जाती हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को उनकी फसल में हुई विभिन्न प्रकार की क्षतियों की पूर्ति की जा रही है। इस योजना में सरकार द्वारा प्रमुख फसलों के तहसील स्तर के एवं पटवार स्तर के औसत उपज उत्पादन समंक, फसल कटाई प्रयोग सम्पादित करा कर तैयार करवाए जाते हैं। इन किसानों को देय क्षतिपूर्ति में ये समंक एक सुदृढ़ आधार की भूमिका निभाते हैं।

फसल कटाई प्रयोगों की उक्त प्रणाली से न केवल फसल बीमा में सहायता मिलती है अपितु जिला व राज्य स्तर पर प्रमुख खाद्यान्नों, दलहनों, तिलहनों व वाणिज्यिक फसलों हेतु उत्पादन अनुमान भी इन्हीं फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर निकाले जाते हैं। जिसके फलस्वरूप राष्ट्र की खाद्यान्न भण्डारण नीति, आयात–निर्यात नीति, फसलों के समर्थन मूल्य इत्यादि महत्वपूर्ण जनकल्याण की योजनाओं में निर्णय लिये जाते हैं।

भारत सरकार के एन एस एस ओ व राज्य सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के दिशा निर्देशन में फसल कटाई प्रयोगों की आयोजना निर्माण से लेकर उत्पादन समंक तैयार करने का कार्य राजस्व मण्डल द्वारा बहुस्तरीय यादृच्छिक पद्धति से गत 60 वर्षों से किया जा रहा है।

फसल बीमा लागू होने से पूर्व उक्त प्रयोग केवल तहसील स्तर पर लगभग 15000 की संख्या में आयोजित किये जाते थे, जो उक्त योजना के उपरान्त बढ़कर एक वर्ष में लगभग 240000 प्रयोग खरीफ की 15 फसलों (बाजरा, ज्वार, मक्का, मूंग, मोठ, धान, तिल, ग्वार, उड़द, गन्ना, कपास, मूंगफली, अरहर, सोयाबीन, चंवला) एवं रबी की 11 फसलों (गेहूँ, सरसों, चना, जौ, जीरा, तारामीरा, मसूर, धनिया, मैथी, ईसबगोल, रबी मक्का) में आयोजित किये जा रहे हैं।

फसल कटाई प्रयोग प्रक्रिया

फसल कटाई प्रयोगों को आयोजित करने के लिये वर्ष में 2 बार (खरीफ एवं रबी) तहसीलों व फसलों का चयन कृषि विभाग, राजस्थान सरकार,जयपुर द्वारा अधिसूचना जारी कर किया जाता है। अधिसूचना अनुसार पूरे राज्य के फसल कटाई प्रयोगों हेतु ग्रामों का चयन कर आयोजना का निर्माण राजस्व मण्डल द्वारा किया जाता है। फसल कटाई प्रयोगों को त्रुटि रहित,नियमानुसार सम्पादित करने एवं सरकार द्वारा समय समय पर किये गये संशोधनों को फील्ड तक पहुंचाने के उद्देश्य से मण्डल द्वारा यथा समय व आवश्यकतानुसार जिला स्तर से भू अभिलेख शाखा,आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग व कृषि विभाग के प्रतिनिधियों को मण्डल स्तर पर बुलाकर अद्यतन प्रशिक्षण दिया

जाता है। उक्त आयोजना के अनुरूप जिला स्तर से प्राथमिक कार्यकर्ताओं में प्रयोगों का विभाजन किया जाता है। कार्य प्रारम्भ से पूर्व प्राथमिक कार्यकर्ताओं को जिला स्तर पर समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

प्रशिक्षण उपरान्त प्राथमिक कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व निर्धारित पद्धति से खसरा चयन कर, चयनित खसरे में फसल कटाई प्रयोग हेतु प्लॉट निर्धारण किया जाता है। फसल कटाई के पूर्व प्राथमिक कार्यकर्ता द्वारा फसल कटाई प्रयोग से संबंधित सामान्य जानकारी तालिका 1 में भरी जाती है तथा कृषक से वार्ता अनुसार फसल कटाई की निर्धारित दिनांक पर पहुंच कर,उक्त प्लॉट की फसल को अपने सामने पृथक से कटवाकर गीली जिंस का तोल अंकित किया जाता है और फसल को सूखने हेतु सुरक्षित स्थान पर रख दिया जाता है। सुखाई की निर्धारित अवधि पूर्ण होने पर सूखी जिंस का तोल तालिका 2,3 में अंकित कर 3 प्रतियों में तहसील कार्यालयों के माध्यम से 2 प्रतियों में जिला स्तर को प्रेषित की जाती है। जिला स्तर से 1 प्रति मण्डल कार्यालय को प्रेषित की जाती है। प्रयोगों का सम्पादन कार्य सही तरीके से पूरा हो इसलिये विभिन्न एजेन्सियों यथा राजस्व, कृषि, सांख्यिकी, पंचायतीराज व एन एस एस ओ द्वारा फील्ड पर निरीक्षण भी सम्पन्न किये जाते हैं।

जिला स्तर पर तालिका से वजन संबंधी समंकों से सांख्यिकी विभाग द्वारा तहसील/पटवार स्तरीय औसत उपज समंक तैयार कर कृषि विभाग, राजस्थान सरकार को प्रेषित किये जाते हैं।

जिला स्तर से मण्डल स्तर को प्रेषित तालिका से मण्डल द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय उत्पादन अनुमान एवं अन्य विविध प्रतिवेदन तैयार कर आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय (SASA) राज्य सरकार के माध्यम से कृषि विभाग भारत सरकार को प्रेषित किये जाते हैं।

राजस्थान में कृषकों के अधिकार

शंकरलाल बलाई
तहसीलदार
राजस्व मंडल, अजमेर
आर.टी.एस. अनुभाग

राजस्थान प्रदेश में किसानों को उनके अधिकारों एवं हक–हकूकों को भली प्रकार जानकारी प्रदान करना राजस्व विभाग के कार्य दायित्वों में सम्मिलित है। विभाग के जिला स्तर से पटवार मण्डल तक के कार्यालयों के अधिकारी एवं कार्मिक, कृषकों को समय–समय पर उनके मौलिक अधिकारों की कमोबेश जानकारी देते रहते हैं।

जिला राजस्व प्रशासन द्वारा जारी दस्तावेज में इन्तकाल खुलवाने, खेतों का सीमा ज्ञान कराने, रास्तों के विवादों का निपटारा, जोत विभाजन, रिलीज डीड द्वारा हक त्यागने अशुद्धियों को सुधरवाने, कई तरह के प्रमाण पत्र बनवाने खातेदारी अधिकार दिलाने, अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करने, कृषि भूमि से पेड़ हटाने, राजस्व रेकॉर्ड को निःशुल्क देखने एवं नकल प्राप्त करने, पास बुक प्राप्त करने, दस्तावेजों का पंजीयन तथा अजा–जजा की भूमि पर किये गये अवैध कब्जे से बेदखली आदि अधिकारों को प्रकाशित एवं प्रसारित किया गया है।

1. **इन्तकाल खुलवाने का अधिकार** :– काश्तकार 10 रुपये प्रति खाता शुल्क चुका कर फौती, विक्रय, दान, भेंट आदि इन्तकाल खुलवा सकता है। इस हेतु पटवारी को प्रार्थना पत्र देना होगा। पटवारी अधिकतम 7 दिवस में जांचकर गिरदावर के समक्ष प्रस्तुत कर देगा। गिरदावर को अगले 10 दिवस के भीतर जांच करनी होगी। गिरदावर की जांच के बाद पटवारी इसे ग्राम पंचायत को पेश करेगा। पंचायत द्वारा 30 दिनों में निर्णय नहीं किये जाने पर अगले अधिकतम 30 दिनों की समय सीमा में तहसीलदार या नायब तहसीलदार को इन्तकाल पर निर्णय करना होगा।

2. **खेतों मे सीमाज्ञान कराने का अधिकार** :– कोई भी खातेदार या गैर खातेदार 100 रुपये शुल्क देकर 5 एकड़ भूमि तक तथा 200 रुपये शुल्क देकर 10 एकड़ तक तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि का 400/रुपये में सीमा ज्ञान करा सकता है। काश्तकार सीमाज्ञान हेतु पटवारी या तहसीलदार को प्रार्थना पत्र दे सकता है। आवेदन करने के अधिकतम 15 दिन के भीतर पटवारी सरपंच या वार्ड पंच के सामने खेत का सीमाज्ञान कर सीमा चिन्ह लगायेगा।

3. **रास्तों के विवाद का निपटारा** :– रास्ते संबंधी विवाद के निपटारे हेतु तहसीलदार या पंचायत को प्रार्थना पत्र देना होगा। तहसील में प्राप्त प्रार्थना पत्र को अधिकतम 3 दिन के भीतर संबंधित पंचायत के पास भेजा जायेगा। पंचायत अधिकतम 45 दिनों के भीतर रास्ते के विवाद का निस्तारण करेगी। ऐसा नहीं होने पर अगले अधिकतम 30 दिनों के भीतर तहसीलदार द्वारा रास्ते के विवाद का निस्तारण धारा 251 काश्तकारी अधिनियम के तहत दिया जायेगा। इस हेतु मात्र 2 रुपये की कोर्ट फीस देनी होगी।

4. **जोत विभाजन कराने का अधिकार** :– सह खातेदार अपनी सहमति से तहसील कार्यालय में आवेदन कर अपने खाते का बंटवारा करा सकते हैं। सह खातेदार आपसी

सहमति से अब अपने हिस्से को असमान हिस्सों में अर्थात् अपने हिस्से को कम या अधिक करवाते हुए भी बंटवारा करवा सकते हैं।

5. **कुआं खुदवाने एवं पम्पिंग सेट** – स्थापना भूमि आवंटन / नियमन के अधिकार :– कुएं खोदने बाबत् 1979 के नियमों के अन्तर्गत कोई भी खातेदार कृषक अपनी कृषि भूमि की सिंचाई हेतु 5 बिस्वा तक अपनी भूमि के समीप स्थित चारागाह या राजकीय भूमि पर कुआं खुदवाने/पम्पिंग सेट/ट्यूब वेल स्थापित करने हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर संबंधित काश्तकार भूमि की कीमत के रूप में 500 रुपये तथा पट्टा किराया 25 रुपये जमा कराकर आवंटन/ नियमन 3 वर्ष की अवधि के लिए गैर खातेदारी हक से करा सकेगा एवं 3 वर्ष के पश्चात् उक्त आवंटित/नियमित भूमि के खातेदारी अधिकार प्राप्त करने का हकदार होगा।

6. **अशुद्धियों को सुधरवाने का अधिकार** :– राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के प्रावधानों के अन्तर्गत कोई भी खातेदार राजस्व रिकार्ड में हुई लिपिकीय त्रुटियों एवं सेटलमेन्ट द्वारा की गई त्रुटियों जैसे – नाम शुद्ध करवाना, वल्दियत शुद्ध करवाना, रकबे में कमी–बेशी करना आदि अशुद्धियों को उपखण्ड अधिकारी रिकार्ड एवं मौके की रिपोर्ट तहसीलदार से प्राप्त कर पक्षकारों की संक्षिप्त सुनवाई कर सेटलमेन्ट से पूर्व पश्चात् के नम्बरों के रकबे का मिलान कर रकबा कमी–बेशी की गलत प्रविष्टियों को सही कराने का आदेश दे सकेगा।

7. **प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अधिकार** :– दो रुपये की कोर्ट फीस के साथ निर्धारित आवेदन पत्र पर जाति प्रमाण पत्र या मूल निवास प्रमाण या हैसियत प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु पटवारी या तहसील कार्यालय को आवेदन किया जा सकेगा। पटवारी अधिकतम 3 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र के संबंध में रिपोर्ट देगा। पटवारी की रिपोर्ट के अधिकतम 7 दिन के अन्दर जाति प्रमाण पत्र को अपनी अनुशंषा सहित उपखण्ड अधिकारी या एडीएम (सिटीएडीएम) को भेज देगा, जो अगले अधिकतम 3 दिन के भीतर जाति प्रमाण पत्र देगा। वृद्धावस्था/ विधवा/विकलांग पेंशन हेतु पात्र व्यक्ति निःशुल्क आवेदन कर सकता है। ऐसे पेंशन प्रार्थना पत्र तहसीलदार को अधिकतम 15 दिनों के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रार्थना पत्र विकास अधिकारी को एवं शहरी क्षेत्रों के प्रार्थना पत्र उपखण्ड अधिकारी को स्वीकृति हेतु भेजने होंगे।

8. **खाते में लिपिकीय भूल शुद्धि करने का अधिकार** :– यदि लिपिकीय भूल से जमाबन्दी में अशुद्धि हो जाती है तो काश्तकार 2 रुपये की कोर्ट फीस पर जमाबन्दी की नकल सहित तहसीलदार को आवेदन कर सकता है। तहसीलदार/ नायब तहसीलदार को अधिकतम एक माह के भीतर खाते को शुद्ध करना होगा।

9. **खातेदारी अधिकार प्राप्त करने का अधिकार** :– असिंचित क्षेत्र में प्रत्येक गैर खातेदार भूमि आवंटन के तीन वर्ष पश्चात् 2 रुपये की कोर्ट फीस के साथ आवेदन कर सकता है।

10. **कमाण्ड क्षेत्र में खातेदारी अधिकार प्राप्त करना** :– राजस्थान उपनिवेशन अधिनियम

1954 की धारा 9(1) के प्रावधानानुसार उपनिवेशन क्षेत्र में कृषि प्रयोजनार्थ आवंटित भूमि पर 3 वर्ष की अवधि के पश्चात् क्रय राशि तथा सरकार को संदाय किये जाने तथा समस्त अनुबंधो को सम्यक रूप से अनुपालन किये जाने पर आवंटी सनद फीस के रूप में 25 रुपये का संदाय सरकार को संबंधित उपखण्ड अधिकारी के यहां आवेदन प्रस्तुत कर खातेदारी अधिकार प्राप्त कर सकता है।

11. **अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अधिकार** :– बैंक आदि से ऋण प्राप्त करने हेतु काश्तकार को अदेय (नोड्यूज) प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। काश्तकार को चाहिए कि वह आवेदन के साथ जमाबन्दी को नकल एवं पटवारी की रिपोर्ट संलग्न करें। तहसीलदार को अभिलेख की जांचकर उसी दिन प्रमाण पत्र जारी करना होता है।

12. **कृषि भूमि से पेड़ हटाने संबंधी अधिकार** :– राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक/6(23) राज/4/879/12 दिनांक 29.9.89 से राजस्थान अभिवृत्ति सरकारी नियम 1955 के नियम 23 ई. के उपनियम (1) में परन्तुक जोड़ा गया। काश्तकार की जोत पर खड़े अन्य किसी किस्म के वृक्षों को हटाने के लिए 15 पेड़ तक संबंधित तहसीलदार से एवं 15 पेड़ से अधिक की स्वीकृति उपखण्ड अधिकारी से प्राप्त कर सकेंगे, किन्तु एक कलेण्डर वर्ष में 10 प्रतिशत से अधिक पेड़ों को नहीं हटा सकेंगे।

13. **राजस्व रेकार्ड को मुफ्त देखने एवं नकल प्राप्त करने का अधिकार** :– (अ) काश्तकार पटवारी का रिकार्ड मुफ्त देख सकता है एवं पैंसिल नोट प्राप्त कर सकता है।

पटवारी स्तर के अतिरिक्त भी सीधे तहसील के कम्प्यूटर सेल से बिना किसी देरी के राजस्व रेकार्ड की नकलें प्राप्त की जा सकती है।

14. **पास बुक प्राप्त करने का अधिकार** :– अनुसूचित जाति–जनजाति के काश्तकारों द्वारा 5 रूपये एवं अन्य काश्तकारों द्वारा 10 दिन रुपये फीस चुकाने पर पटवारी को अधिकतम 3 दिन के भीतर पास बुक देनी होगी।

15. **दस्तावेज पंजीयन संबंधी जानकारी** :– (1) कृषि भूमि विक्रय पत्र पर 5 प्रतिशत मुद्रांक कर व एक प्रतिशत पंजीयन शुल्क लिये जाने का प्रावधान है। जिसमें कई बार छूट देकर 3 व 4 प्रतिशत पर भी पंजीयन किया जाता है।

(2) महिलाओं को कृषि भूमि क्रय में स्टाम्प शुल्क रियायत है। सामान्य महिला के लिये 4 फीसदी जबकि अजा व जजा महिला को 3 फीसदी स्टाम्प शुल्क देना होगा।

(अ) महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राजस्थान अजमेर में महिलाओं के पक्ष में कृषि भूमि हस्तातंरण के दस्तावेज पर स्टाम्प शुल्क में 1 व 2 प्रतिशत की छूट दी गई है अर्थात् 5 प्रतिशत से घटाकर 3 व 4 प्रतिशत कर दी है, या पुरुष एवं महिला के संयुक्त खातों पर एक हजार वर्ग गज से कम पर नहीं है।

(ब) गैर पैतृक सम्पत्ति के लिए हक परित्याग के दस्तावेज पर स्टाम्प शुल्क 11 प्रतिशत के बजाय 5 प्रतिशत होगा।

(3) कृषि भूमि विक्रय अनुबंध के पंजीयन पर 5 प्रतिशत मुद्रांक कर एवं 1 प्रतिशत पंजीयन शुल्क लिये जाने का प्रावधान है। ऐसे अनुबंध की पालना में अंतिम रूप से पंजीयन हेतु प्रस्तुत दस्तावेज के पंजीयन के समय उक्त 3 प्रतिशत भुगतान की गई मुद्रांक कर राशि समायोजित किये जाने का प्रावधान है। ऐसे अनुबंध 3 वर्ष तक प्रभावी रहेंगे।

16. **(4) कृषि भूमि का विनिमय (धारा 48 काश्तकारी अधिनियम)** :– कृषि भूमि विनिमय के आदेश तहसीलदार द्वारा किये जाने के पश्चात् दस्तावेज के पंजीयन शुल्क का भुगतान कर उप पंजीयक के यहां पंजीयन कराया जा सकता है।

(5) दस्तावेज का पंजीयन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा निर्धारित दरों पर किया जाता है जिसका अवलोकन तहसील/ उप पंजीयक कार्यालय में बिना किसी शुल्क से किया जा सकता है।

17. **(6) मौका निरीक्षण के संबंध में** :–

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि के हस्तान्तरण वाले दस्तावेज का पंजीयन, बिना मौका निरीक्षण किये ही प्रस्तुत करने के दिन ही पंजीयन करके लौटाया जायेगा।

नगरपालिका के सीमा क्षेत्र में स्थित कृषि भूमि के हस्तांतरण के मामले में मौका निरीक्षण किया जायेगा।

दस्तावेज के साथ नवीनतम संलग्न खसरा गिरदावरी की गत चार वर्षों की खसरा गिरदावरी संलग्न की जावे। यदि सिंचित भूमि की दर से स्टाम्प ड्यूटी दी जाती है तो भी खसरा गिरदावरी प्रस्तुत करना आवश्यक है, क्योंकि यह नवीन चाह एवं निर्माण के लिए आवश्यक है।

(7) पांच वर्ष का पंजीयन रिकार्ड संबंधित उप पंजीयक कार्यालय में, 50 वर्ष तक का जिला मुख्यालय एवं 50 वर्ष से अधिक समय का रिकॉर्ड महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध रहता है। जहां से प्रमाणित प्रतियां प्राप्त की जा सकती है।

18. **अनुसूचित जाति/ जनजाति की भूमि पर अवैध कब्जे से बेदखली** :– अनुसूचित जाति या जनजाति द्वारा धारित भूमि पर यदि कोई अन्य व्यक्ति (चाहे वह अ.जा./अ.ज.जा. या सामान्य वर्ग का व्यक्ति हो) बिना किसी विधिपूर्ण प्राधिकार के कब्जा कर लेता है, तो ऐसा अन्य व्यक्ति अतिक्रमी की श्रेणी में आता है। यह उल्लेखनीय है कि अतिक्रमी एस.सी./एस.टी./सामान्य वर्ग का हो सकता है।

19. **भूमि रूपान्तरण** :– ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय /औद्योगिक उपयोग हेतु भूमि रूपान्तरण कराने हेतु तहसीलदार को निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना होगा।

आवासीय कार्य हेतु भूमि रूपान्तरण के लिए 5 हजार से कम आबादी के गांव में 500 वर्ग मी. तक निःशुल्क।

राजस्व कानूनों में विरोधाभास के समाधान हेतु संशोधन के संबंध में विचार/सुझाव

सुन्दरलाल बम्बोड़ा
उपखण्ड अधिकारी कोटड़ा – उदयपुर

1. समस्या :– विनिमय RT Act 1955 के की धारा 48 के संबंध में

विनिमय RT Act 1955 के की धारा 48 के तहत खातेदार आपस में भूमि विनिमय कर सकते हैं किन्तु यह प्रतिबंध भी लगा रखा है कि एससी/एसटी वर्ग के व्यक्ति एससी, एसटी वर्ग के व्यक्ति से ही विनिमय कर सकते है। जो आज के परिप्रेक्ष्य में संशोधन की आवश्यकता है।

सुझाव :– चूंकि एक एससी, एसटी परिवार की भूमि के पास अगर दो बीघा भूमि सामान्य परिवार की है और किसी सामान्य परिवार की भूमि के पास एससी, एसटी परिवार की दो बीघा भूमि है जिसका अगर विनिमय किया जाता है तो एससी, एसटी परिवार की भूमि भी एक चक में हो सकती है एवं सामान्य परिवार की भूमि भी एक चक हो सकती है जिससे दोनो वर्ग के खातेदारों को एक जगह एक चक के रूप में भूमि उपलब्ध हो सकती है जिससे भूमि सुरक्षित रहेगी, कृषि कार्य में सुविधा मिलेगी एवं पैदावार में बढ़ोतरी होगी।

इस प्रतिबंध को हटाने से एससी/एसटी परिवार के द्वारा जितनी भूमि का विनिमय किया जा रहा है। उतनी ही भूमि पुनः सामान्य वर्ग से प्राप्त हो रही है। विनिमय में किसी वर्ग को कोई नुकसान नहीं हो रहा है। इससे एससी/एसटी वर्ग को काफी राहत मिलेगी।

इस प्रतिबंध से एक कृषक को दो टुकड़ों में खेती करने एवं खेती की सुरक्षा के लिए जाना पड़ता हैं, जिससे पैदावार प्रभावित होती जो आज के परिप्रेक्ष्य में विनिमय में प्रतिबंध रखा जाना उचित नहीं है। चूंकि इससे दोनों वर्गों को नुकसान हो रहा है। कृपया इस पर विचार फरमावें।

2. समस्या : राजकीय भूमि से खातेदारी भूमि के विनिमय का प्रावधान

गांवों में कई जगह खातेदारी भूमियों में विद्यालय भवन आंगनवाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, आयुर्वेदिक औषधालय, उप स्वास्थ्य केन्द्र या अन्य राजकीय भवन बने हुए हैं तथा कहीं–कहीं खातेदारी में होकर आम सरकारी रास्ता/सड़क भी गुजर रही है, जिनको लेकर भी न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं जिससे भूमि सम्बन्धित विभाग के नाम नहीं हो पा रही है, और इसके अभाव में स्वीकृत बजट भी लेप्स होता हैं और मौके पर रास्ते भी दुरस्त नही हो पाते हैं।

इन समस्याओं के समाधान हेतु मेरा विचार है कि राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 48 (क) के रूप में अलग से यह प्रावधान जोड़ा या सरकारी आम रास्ता निकल रहा है तो उस रकबे के अनुपात में उस खातेदार को राजकीय भूमि विनिमय/आवंटन करने का प्रावधान हो ताकि जिला कलेक्टर महोदय/उपखण्ड अधिकारी उस प्रावधान के तहत कार्यवाही कर तुरन्त समस्या का समाधान कर सके।

इस प्रकार के प्रावधान से नवसृजित तहसील/उपखण्ड/पंचायत समिति/उप तहसील आदि भवन निर्माण के लिए भी आसानी से जमीन उपलब्ध हो पायेगी और राजकीय भवन निर्माण में कोई समस्या नही आयेगी और आमजन को सुविधा मिलेगी। जो विचार करने योग्य है।

3. समस्या :– हिन्दू उत्तराधिकार कानून एवं पंजीयन कानून में विरोधाभास से भोला भाला किसान ठगा जा रहा

हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम एवं पंजीयन कानून में विरोधाभास होने से प्रदेश में कई भोले भाले काश्तकारों को नुकसान हो रहा है।

जैसे रामलाल नाम के खातेदार के नाम भूमि दर्ज है, जो पैतृक भूमि है, रामलाल के वारिसान के रूप में दो पुत्र, दो पुत्रियां है किन्तु राजस्व रेकार्ड में भूमि खातेदार रामलाल के नाम पर ही दर्ज होने से खातेदार द्वारा भूमि विक्रय करने पर पंजीयन नियमों के तहत विक्रय पत्र पर कोई रोक नहीं होने से खातेदार रामलाल के द्वारा पांच बीघा भूमि किसी व्यक्ति को रजिस्टर दस्तावेज से भूमि विक्रय की गई है और उस भूमि का क्रेता के पक्ष में नामान्तरण भी दर्ज होकर रेकार्ड में क्रेता के नाम भूमि दर्ज हो चुकी है।

भूमि विक्रय करने के बाद में खातेदार के वारिसान के द्वारा आपत्ति की जाती है कि भूमि पैतृक है अकेले पिता को विक्रय करने का अधिकार नहीं है उसमें हमारा भी हक हिस्सा है और इस बात को लेकर खातेदारी की घोषणा हेतु न्यायालय में वाद दायर करते हैं जो काफी वर्षों बाद न्यायालय द्वारा भी भूमि को पैतृक मानते हेतु खातेदार एवं उसके वारिसान का बराबर हिस्सा मानते हुए पुत्र व पुत्रियों का 4/5 हिस्सा घोषित कर देते हैं ऐसी स्थिति में क्रेता के खाते में 5 बीघा के स्थान पर 1 बीघा भूमि ही रह जाती है, और उस काश्तकार के साथ धोखा हो जाता है। अर्थात उस काश्तकार का धन एवं धर्म दोनों जाता है।

इस प्रकार के विरोधाभासी कानून के कारण काश्तकार ठगा जा रहा है और रक्षक ही भक्षक वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। प्रदेश में इस प्रकार में इस प्रकार के हजारों भोले भाले कृषक, विरोधाभासी कानून के शिकार हो रहे हैं। न्यायालयों में इस प्रकार के काफी तादाद में प्रकरण भी विचाराधीन हैं।

सुझाव :– इस समस्या के समाधान हेतु मेरा विचार है कि, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 40 के तहत मृतक किसी खातेदार की भूमि विरासत से वारिसान के नाम दर्ज होती है उसी तरह धारा 40 (अ) के रूप में यह प्रावधान जोड़ा जाना चाहिए कि किसी खातेदार के नाम विरासत के समय जीवित पुत्र पुत्रियों के नाम के साथ–साथ पौत्र पौत्रियों के नाम भी खातेदार के रूप में रेकार्ड में नाम दर्ज करने का प्रावधान कर दिया जाना चाहिए ताकि इस प्रकार रेकार्ड में समस्त वरिसान के नाम भूमि दर्ज होगी। ऐसी स्थिति में खातेदार अपने नाम की ही भूमि विक्रय कर पायेगा अन्य वारिसान की भूमि आगे विक्रय नहीं होगी तथा जितना रकबा/हिस्सा खातेदार के नाम होगा उतना ही रकबा वह विक्रय कर सकेगा और वह विक्रय पत्र हमेशा–हमेशा के लिए स्थायी होगा।

उदाहरण

जैसे खातेदार रामलाल पिता सोहनलाल के नाम भूमि दर्ज है रामलाल के विधिक वारिसान में पुत्र रतनलाल, शंकरलाल एवं दो पुत्रियां राधा व सीता है।

रामलाल के विधिक वारिसान का सजरा इस प्रकार है :–



इस प्रकार कार्यवाही करने से रामलाल के नाम की भूमि में रामलाल का हिस्सा 1/5, रतनलाल पिता का रामलाल का 1/5 शंकरलाल पिता रामलाल का 1/5, राधा पिता रामलाल 1/5 व सीता पिता रामलाल 1/5 इस प्रकार राजस्व रेकार्ड में भूमि दर्ज होने पर अगर रामलाल अपना हिस्सा विक्रय करना चाहेगा तो, मात्र अपना 1/5 हिस्सा ही रेकार्ड अनुसार विक्रय कर सकेगा। इससे इस विक्रय पत्र को वारिसान द्वारा कभी भी चुनौती नहीं दी जा सकेगी। रामलाल के अन्य वारिसान का हिस्सा सुरक्षित रहेगा अगर रामलाल के एक पुत्र और होता है तो उसका नाम जन्म प्रमाण के साथ आवेदन करने पर राजस्व रेकार्ड में रामलाल के नवीन पुत्र का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज हो जायेगा। इस प्रकार का प्रावधान कानून में किया जाता है तो भोला भाला क्रेता किसान के साथ धोखा नहीं होगा और न्यायालयों में राजस्व मुकदमों में भी कमी आयेगी।

4. समस्या :– डीआईएलआरएमपी के कार्य को गति प्रदान करने के संबंध में

राजस्थान सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में डीआईएलआरएमपी का कार्य कराया जा रहा है जो कि सरकार की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है। इस कार्य में वन टू वन मेपिंग के दौरान भू प्रबन्ध विभाग से रही कई त्रुटियां सामने आ रही है जैसे नक्शे में बटा नम्बर दे दिया और जमाबन्दी में रकबा दर्ज नहीं हैं या नक्शे में किसी नंबर को बन्द नहीं किया जिससे रकबा मेल नहीं खा रहा है या खातेदारों के हिस्से में भूल हुई हो इस प्रकार की कई त्रुटियों को दुरस्त करवाने हेतु तहसीलदार द्वारा रेकार्ड एवं मौका स्थिति की रिपोर्ट के साथ धारा 136 के तहत प्रकरण तैयार कर उपखण्ड अधिकारी महोदय को प्रेषित किया जाता है, जिस पर उपखण्ड अधिकारी को प्रकरण समझ कर निर्णय करने में समय लगता है और कार्य प्रभावित होता है।

सुझाव :– इसके समाधान हेतु मेरा विचार है कि प्रदेश में डीआईएलआरएमपी कार्य समाप्ति तक धारा 136 भू राजस्व अधिनियम के अधिकार उपखण्ड अधिकारी के साथ–साथ तहसीलदारों को भी दे देना चाहिये ताकि छोटी मोटी त्रुटियों का निस्तारण तहसील स्तर पर भी किया जा सकें, और कार्य को गति प्रदान की जा सकें।

इस धारा में तहसीलदार को अधिकार देने से डीआईएलआरएमपी के कार्य में गति आयेगी

और फील्ड स्टाफ के सामने मौके पर आ रही समस्याओं का निस्तारण भी शीघ्र हो सकेगा।

समय–समय पर राजस्थान सरकार के द्वारा पूर्व में जहां भी नवीन सेटलमेन्ट/भू–प्रबंध कार्यवाही हुई है, उस दौरान भी धारा 136 भू राजस्व अधिनियम के अधिकार उपखण्ड अधिकारी के साथ तहसीलदार को दिए गए थे, जिससे मौके पर आई समस्याओं का निस्तारण भी शीघ्र हुआ और किसानों को राहत मिली।

5. समस्याः– सड़कों पर बैठे पशुओं से रात्रि के समय दुर्घटना बाबत्

गांवों एवं शहरों में रात्रि के समय कई आवारा पशु सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं, जिससे रोज कई दुर्घटनाएं हो रही है। यह समस्या वर्तमान में पूरे प्रदेश की समस्या हैं। ऐसे आवारा पशुओं से दुर्घटना ग्रस्त परिवार को सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष से लाखों रूपयों की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह समस्या दिनों दिन बढ़ रही है इस पर अंकुश लगाया जाना अति आवश्यक है।

सुझाव :– (1) इस समस्या के समाधान हेतु मेरा विचार है कि जिस किसी व्यक्ति का पालतू पशु या आवारा पशु हो उन पशुओं के सींग पर रेडियम युक्त लाल कलर का स्टिकर लगा दिया जाता है या उसके गले में रेडियम युक्त कपड़ा बांध दिया जाता है, तो रात्रि के दौरान दूर से ही वाहन चालक को सड़क पर बैठा पशु नजर आ जायेगा ताकि वाहन चालक उस पशु को बचाते हुए निकल जायेगा और दुर्घटना भी नहीं होगी।

इस कार्य हेतु राजस्थान सरकार की ओर से इस आशय का आदेश जारी हो कि प्रत्येक पशुपालक के द्वारा अपने पशु के सींग पर रेडियम युक्त लाल कलर का स्टिकर या गले में रेडियम युक्त कपड़ा बांधा जाये और आवारा पशु के लिए सम्बंधित ग्राम पंचायत को आदेशित किया जाना चाहिए कि आवारा पशु जो ग्राम पंचायत की सीमा में है उनके सींगों पर ग्राम पंचायत के माध्यम से रेडियम युक्त लाल कलर का स्टिकर या रेडियम युक्त कपड़ा गले से बांधा जाये ताकि दूर से भी पशु नजर आ सके और दुर्घटना से बचा जा सके।

इस प्रकार का प्रावधान या आदेश अरने से सरकार की ओर से मुख्यमंत्री सहायता कोष से लाखें रुपयों का भुगतान जो दुर्घटनाओं के करना पड़ रहा है, उसमें कमी आयेगी एवं वाहन चालक/पशु (गौवंश) भी दुर्घटना से बच सकेगा। यह कार्य सरकार के जनकल्याणकारी होगा।

सुझाव :– (2) पेरा (1) में वर्णित सुझाव के साथ एक निवेदन यह है कि प्रत्येक ग्राम में सार्वजनिक कांजी हाउस की व्यवस्था पुनः चालू करवायी जावे ताकि आवारा पशुओं को रात्रि के दौरान कांजी हाउस में भी छोड़ा जा सके।

राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा प्राप्त उपलब्धियां

(दिसम्बर 2018– दिसम्बर 2019)

1– विभागीय पदोन्नति समिति –

ए– निरीक्षक संवर्ग से नायब तहसीलदार संवर्ग

भू–अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार की रिव्यू डीपीसी वर्ष 2013–14 से 2015–16 एवं 2016–17 से 2019–20 तक की नियमित डीपीसी का आयोजन दिनांक 04.11.19 को किया जा चुका है। वर्तमान में कोई डीपीसी किया जाना शेष नहीं है।

बी– नायब तहसीलदार से तहसीलदार संवर्ग

तहसीलदार पद की वर्ष 19–20 की डीपीसी का आयोजन दिनांक 28.8.19 को किया जा चुका है।

तहसीलदार पद की वर्ष 2015–16 से 2019–20 की रिव्यू डीपीसी कराये जाने के प्रयोजनार्थ राजस्व (ग्रुप–1) विभाग राजस्थान जयपुर को मण्डल के पत्र क्रमांक 10294 दिनांक 22.10.19 को रिव्यू नोट प्रेषित किया गया है। स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत रिव्यू डीपीसी किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

सी– तहसीलदार पद से आर.ए.एस. संवर्ग

तहसीलदार से आर.ए.एस. के पद की विभागीय पदोन्नति समिति का आयोजन कार्मिक विभाग स्तर पर किया जाता है। जिसमें तहसीलदारों से संबंधित समस्त सूचना विभागीय जांच, दण्ड व वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों का असेसमेंट तैयार कर मण्डल द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। तहसीलदार से आरएएस पद की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2019–20 तक की डी.पी.सी. हो चुकी है ।

2– वरिष्ठता सूचियां –

ए– नायब तहसीलदार संवर्ग –

भू–अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार की रिव्यू डीपीसी वर्ष 2013–14 से 2015–16 एवं 2016–17 से 2019–20 तक की नियमित डीपीसी का आयोजन दिनांक 04.11.19 को किया जा चुका है। नायब तहसीलदारों की 1.4.2019 की स्थिति की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन मण्डल की विज्ञप्ति क्रमांक 5688 दिनांक 12.06. 2019 को किया जा चुका है ।

बी– तहसीलदार संवर्ग –

तहसीलदार संवर्ग की डीपीसी वर्ष 2019–20 तक का आयोजन दिनांक 28.08.2019

को किया जा चुका है। तहसीलदार संवर्ग की दिनांक 1.4.2019 तक की अंतिम वरिष्ठता सूची मण्डल की विज्ञप्ति क्रमांकः 5098 दिनांक 31.05.2019 द्वारा जारी की जा चुकी है ।

3— प्रशिक्षण कार्यक्रम —

मण्डल के आदेश दिनांक 01.07.2019 द्वारा सीधी भर्ती से चयनित अभ्यर्थियों को नायब तहसीलदार पद पर नियुक्ति प्रदान करते हुए इनको प्रशिक्षण हेतु ए.पी.आर.टी.एस. टोंक एवं आर.आर.टी.आई. अजमेर आवंटित किया गया था। जिस क्रम में प्रशिक्षण पश्चात 197 नायब तहसीलदारों का पदस्थापन जिलों में कर दिया गया।

4— सूचना का अधिकार —

दिनांक 01.01.2019 से 04.12.2019 के दौरान सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त 49 आवेदन पत्रों का निस्तारण कर संबंधित को सूचना/ प्रत्युत्तर प्रेषित किया जा चुका है।

रीडर्स का प्रशिक्षण

राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादों का शीघ्र निस्तारण, विविध कानूनी प्रावधान, त्रुटिरहित कार्य निष्पादन, पीठासीन अधिकारियों के दायित्व एवं शक्तियां, आरसीएमएस पोर्टल के तहत नवाचारी कदम एवं उपयोगिता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय आधारित संभाग स्तरीय रीडर्स प्रशिक्षण जयपुर के भामाशाह टेक्नो हब में 18 से 29 नवम्बर तक पांच चरणों में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री संजय मल्हौत्रा सहित राजस्व विषय विशेषज्ञों ने विषय आधारित जानकारी संभागियों को प्रदान की।

प्रत्येक संभाग के लिये 2 दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य के संभागीय आयुक्त, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, राजस्व अपील अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी, एवं सहायक कलक्टर स्तरीय राजस्व न्यायालयों के रीडर्स ने भाग लिया।

न्याय की डगर हुई आसान

राजस्व मंडल ने 3 वर्ष में 25745 प्रकरण निपटाए

हर वर्ष शताधिक उपलब्धि

आमजन को त्वरित न्याय अथवा राहत प्रदान करना ही सफल लोकतंत्र का मूल मंत्र कहा जा सकता है। सरकार की ओर से जनता के अभाव अभियोगों पर त्वरित कार्यवाही कर समस्याओं को दूर करने की दिशा में व्यापक स्तर पर कारगर कदम उठाए गए हैं साथ ही उनके हित संरक्षण एवं सेवाओं में पारदर्शिता लाने के लिए नवाचारों को लागू किया गया है। राजस्व मंडल राजस्थान में भी आमजन के हित में उठाए गए ऐसे कारगर कदम आमजन को त्वरित राहत देने के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

राजस्व मंडल प्रशासन के स्तर पर मंडल में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर किये गए अभिनव प्रयासों का ही परिणाम है कि विगत 3 वर्षों से दर्ज प्रकरणों की तुलना में 100 फीसदी से भी अधिक मुकदमों का निस्तारण किया जाना संभव हो पाया है। मंडल के माध्यम से विगत 3 वर्षों में दर्ज कुल 24201 वादों के मुकाबले 25745 वादों का निस्तारण किया गया है जो उल्लेखनीय उपलब्धि है। राजस्व मंडल में वर्ष 2019 में जहां दर्ज प्रकरणों के मुकाबले 106.37 फीसदी प्रकरणों का निस्तारण करना संभव हो पाया वहीं वर्ष 2018 में 106 फीसदी तथा वर्ष 2017 में 107 फीसदी प्रकरण निस्तारित करने का कीर्तिमान बना है। नियमित कोर्ट्स का संचालन, प्रकरणों को पूरी तैयारी से पेश किया जाना, कोर्ट वर्क में नियमितता एवं गतिशीलता जैसे कई ऐसे सकारात्मक कारक हैं जो त्वरित न्याय की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

आरसीएमएस से आई पारदर्शिता

राजस्व मंडल के पूर्ण डिजिटाइजेशन के महत्वपूर्ण कदम से रेवेन्यू कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत मण्डल की दैनिक बाद सूची, मुकदमों की तारीख, लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी आमजन को अब मोबाइल पर ही हासिल होने लगी है। आरसीएमएस एप के जरिए पीठासीन अधिकारी की सुनवाई, फैसलों, मुकदमों की स्थिति आदि की जानकारी भी ऑनलाइन हासिल हो जाती है वहीं रेवेन्यू बोर्ड से संबंधित प्रकरणों का स्टेटस व दैनिक वाद संबंधित सूची भी ऑनलाइन मिलने लगी है। सबसे खास है कि कॉज लिस्ट या दैनिक वाद सूची में से स्वयं के मुकदमों की जानकारी ढूंढने में अधिवक्ताओं को पहले बहुत मशक्कत करनी होती थी लेकिन अब अधिवक्ताओं को स्वयं के नाम के आधार पर मुकदमे की बेंच, तारीख व कोर्ट आदि का विवरण सहज ही प्राप्त हो जाता है।

राजस्व मण्डल के महत्वपूर्ण निर्णय

न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

अपीडी / टीए / 5548 / 2016 / गंगानगर

लालूराम पुत्र भीखाराम **बनाम** **लाली पत्नी गोविन्द राम व अन्य**

अपीलार्थी प्रत्यर्थीगण

खण्ड पीठ
श्री मुकेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष
श्री मोड़ूदान देथा, सदस्य

उपस्थितः श्री राजेन्द्रसिंह बराड़ वकील अपीलार्थी

श्री दिनेश कुमार सेन वकील प्रत्यर्थीगण

निर्णय

दिनांकः.13.6.19

यह द्वितीय अपील धारा 224 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 (संक्षेप में अधिनियम) के अन्तर्गत राजस्व अपील प्राधिकारी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रकरण संख्या 46 / 2015 में पारित निर्णय दिनांक 5.7.2016 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है।

2. प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि वादी उपखण्ड अधिकारी, रायसिंहनगर के न्यायालय में एक वाद संख्या 116 / 2003 उनवानी गोविन्दराम बनाम भीखाराम प्रस्तुत किया गया जो उनके निर्णय दिनांक 23.10.2006 से खारिज कर दिया गया। इसके विरूद्ध अपील संख्या 140 / 2006 राजस्व अपील प्राधिकारी, श्रीगंगानगर के न्यायालय में प्रस्तुत की गई जो निर्णय दिनांक 18.9.2007 से स्वीकार की गई। इसकी पालना में नामान्तरकरण संख्या 137 तस्दीक किया गया। राजस्व अपील प्राधिकारी, श्रीगंगानगर के निर्णय व डिक्री दिनांक 18.9.2007 के विरूद्ध राजस्व मण्डल में द्वितीय अपील प्रस्तुत की गई। राजस्व मण्डल की माननीय खण्ड पीठ ने अपील संख्या 8827 / 2007 निर्णय दिनांक 6.1.2011 से स्वीकार की जाकर प्रथम अपीलीय न्यायालय का निर्णय व डिक्री दिनांक 18.9.2007 तथा विचारण न्यायालय का निर्णय दिनांक 23.10.2006 निरस्त करते हुए प्रकरण विचारण न्यायालय को प्रति प्रेषित किया गया। विचारण न्यायालय में प्रकरण प्राप्त होने पर प्रार्थी वर्तमान अपीलार्थी ने धारा 144 सपठित धारा 151 सी.पी.सी. का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर नामान्तरकरण संख्या 137 से पूर्व की स्थिति बहाल करने का आदेश दिये जाने का निवेदन किया। विचारण न्यायालय ने निर्णय दिनांक 22.4.2015 से उक्त प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। इसके विरूद्ध राजस्व अपील प्राधिकारी, श्रीगंगानगर के न्यायालय में प्रथम अपील प्रस्तुत की गई जो भी

उनके निर्णय दिनांक 5.7.2016 से खारिज कर दी गई। इससे व्यथित होकर अपीलार्थी ने यह द्वितीय अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत की है।

3. विद्वान अभिभाषक अपीलार्थी ने अपनी बहस में तर्क दिया कि कानून का स्थापित सिद्धान्त है कि जब निर्णय व डिक्री निरस्त कर दिये जाते हैं तो निर्णय व डिक्री की पालना में राजस्व अभिलेख में किये गये इन्द्राज निरस्त कर निर्णय व डिक्री से पूर्व की स्थिति बहाल की जावेगी। राजस्व अपील प्राधिकारी, श्रीगंगानगर द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 18.9.2007 अपील में माननीय राजस्व मण्डल की खण्ड पीठ द्वारा निरस्त कर दी गई तो राजस्व अभिलेख की इस निर्णय से पूर्व की स्थिति को बहाल किया जाना कानूनन आवश्यक है। राजस्व अपील प्राधिकारी के निर्णय दिनांक 18.9.2007 की पालना में नामान्तरकरण संख्या 137 स्वीकार किया गया था। निर्णय दिनांक 18.9.07 निरस्त किया जा चुका है जिससे नामान्तरकरण संख्या 137 द्वारा किये गये इन्द्राज निरस्त कर इससे पूर्व की स्थिति बहाल की जाना आवश्यक है। अतः यह अपील स्वीकार की जावे। विद्वान अभिभाषक ने अपने तर्को के समर्थन में आर.एल.डब्ल्यू. 2012(2)(राज.) पेज 1243, आर.आर.डी. 2003 पेज 162, आर.आर. डी. 1998 पेज 569, आर.आर.डी. 2010 पेज 623 व आर.बी.जे. 2002 पेज 202 न्यायिक दृष्टान्त प्रस्तुत किये।

